# हम संस्कारों में विश्वास करते हैं : यादव

## संघ शताब्दी सभागार का लोकार्पण

**रतलाम, 10 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रतलाम के काटजू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में नव निर्मित 'संघ शताब्दी सभागार' का लोकार्पण किया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाजिक संस्थाएं समाज के सहयोग से सामुदायिक महत्व के कार्यों का संपादन और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं. समाज के सहयोग से कई स्थानों पर मंदिर, शालाओं और अन्य सामुदायिक महत्व के भवनों का निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं.




सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा इस दिशा में की जा रही पहल और जनसामान्य द्वारा इसके लिए दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया में कई देश सैन्य और आर्थिक रूप से मजबूत है, लेकिन भारत दुनिया का इकलौता देश है, जहां सनातन संस्कृति से समाज चल रहा है. हम शक्ति में विश्वास न करते हुए संस्कारों में विश्वास करते हैं और सर्वे भवन्तु सुखिन: के भाव के साथ चलते हैं. भारत हजारों सालों से विश्व गुरू रहा है हमने तक्षशिला, नालंदा, विक्रमादित्य विश्वविद्यालयों के माध्यम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी। दुनिया के कई देशों के लोग सुशासन की स्थापना के लिए अपने देश के नागरिकों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भारत भेजते थे. इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत पर आकर्षक नृत्य एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, गोपाल काकानी सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

> **'डॉ. यादव उज्जैन के आधुनिक विश्वकर्मा है'**
>
> सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आधुनिक विश्वकर्मा हैं, उनके नवाचार और विकास के कार्य आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हुआ है, हमें इसे विस्तार देना है। कार्यक्रम को विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सखलेचा, विद्या भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश धनखड़ ने भी संबोधित किया।



# ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार

## 08 लाख नगद सहित 16 लाख की मशरूका जब्त

**पन्ना, 10 अक्टूबर. पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी के एक गंभीर प्रकरण में बड़ी सफलता प्राप्त की गई है.**

पन्ना पुलिस द्वारा थाना पवई में करीब 14 लाख रूपये की सायबर ठगी के मामले में दर्ज अपराध धारा 318(4) बी एन एस में साइबर ठगी करने वाले झारखण्ड के अंतर्राज्यीय शातिर सायबर अपराधियों की गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. एसपी पन्ना श्रीमती नायडू ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में फरियादी अशोक कुमार सोनी निवासी ग्राम सिमरिया गुलाब सिंह, हाल निवासी वार्ड क्रमांक 10 पवई ने थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल के माध्यम से स्वयं को एसबीआई कार्ड अधिकारी बताकर उनके बैंक खाते से करीब 14 लाख रूपये की ऑनलाइन ठगी की गई है. पुलिस ने 02 संदेहियों को पुलिस टीम द्वारा ग्राम ऊपर बिलेरिया, थाना पथरौल, जिला देवघर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया. पुलिस अभिरक्षा में लिये गये संदेहियों हसन रजा पिता मोहम्मद शकील अंसारी उम्र 27 साल निवासी ग्राम कसईया थाना पथरौल देवघर झारखण्ड, इरफान अंसारी पिता अताउल अंसारी उम्र 25 साल निवासी ग्राम उपर बिलेरिया थाना पथरौल जिला देवघर झारखण्ड से पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियों द्वारा अपराध कारित किया जाना स्वीकार किया.

> पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से फ्रॉड की गई राशि में से 08 लाख 50 हजार रूपये नगद, सोना 18 ग्राम, 01 कि ग्रा. चाँदी, 01 लैपटॉप, 10 मोबाइल (01 मोबाइल फ्रॉड की राशि से शेष 09 उपयोग किये गये मोबाइल), 15 सिमकार्ड, चेकबुक/पासबुक, एटीएम कार्ड/क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज सहित करीब 16 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. मामले में 02 अन्य आरोपी गिरफ्तार होना शेष है. मामले में विवेचना जारी है.

# सद्भाव बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेंगे

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**ग्वालियर. ग्वालियर शहर सहित सम्पूर्ण जिले में शांति, सदभाव एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिये हम सब जिला प्रशासन व पुलिस के साथ हैं. हम सब ऐसे किसी कृत्य का समर्थन नहीं करेंगे, जिससे शांति व सामाजिक समरसता को क्षति पहुँचे और ग्वालियर जिले की छवि धूमिल हो.**

इस आशय का पुख्ता भरोसा समाज के विभिन्न वर्गों के जिम्मेदार प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर रुचिका चौहान की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में शुक्रवार को



आयोजित हुईं तीन अलग-अलग बैठकों में दिलाया है. इसके साथ ही सभी ने यह भी आश्वस्त किया कि 15 अक्टूबर को किसी प्रकार का कोई आयोजन नहीं किया जायेगा. साथ ही कहा कि आप सब आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर एवं निश्चिंत होकर दीपावली त्यौहार मनाएं और व्यापारी अपना व्यवसाय करें.

> जिला प्रशासन व पुलिस आपकी सुरक्षा व सहयोग के लिये 24 घंटे तत्पर है. विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से फैलाई जा रहीं अफवाहों व भ्रामक खबरों को ध्यान में रखकर कलेक्ट्रेट के सभागार में यह बैठकें बुलाई गई थीं. कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिंह ने जिले में सामाजिक समरसता बनाए रखने में सहयोग के लिये आगे आने पर सभी के प्रति इन बैठकों में धन्यवाद जताया. साथ ही स्पष्ट किया कि सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की जुर्रत करने वाले असमाजिक तत्वों से जिला प्रशासन व पुलिस सख्ती से निपटेगी.

# निशानेबाजों को हाईकोर्ट से राहत

## भोपाल कलेक्टर के आदेश पर रोक

**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट से निशानेबाजी से जुड़े लोगों को राहत मिली है. न्यायालय ने भोपाल कलेक्टर के उस आदेश के क्रियांवयन पर रोक लगा दी, जिसमें कलेक्टर ने निशानेबाजों का शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिया था.**

जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कलेक्टर भोपाल और नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए है.

भोपाल के सयैद अयान व अन्य की ओर से अधिवक्ता कासिम अली ने पक्ष रखा. आवेदकों की ओर से कहा गया कि विचाराधीन हथियार विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी स्पर्धाओं के लिए उपयोग किए जाते हैं.

> **जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दिए निर्देश**
>
> **नेशनल राइफल एसो. को नोटिस किया जारी**

जबरन बिक्री से उनके करियर को अपूरणीय क्षति होगी, जिसके बाद न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपने हथियार बेचने के लिए मजबूर करने या हथियार जब्त करने के लिए उसके खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा.

# 10 लाख रुपए की डकैती का पर्दाफाश

## 4 आरोपी गिरफ्तार और 3 फरार



**कुक्षी। नवरात्रि के दौरान समीपस्थ ग्राम कापसी मे हुई 10 लाख की डकैती के मामले मे पुलिस नें चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे लुटे गये सोने के आभूषण और अपराध के लिए उपयोग की गई कार,बाइक भी बरामद की.**

दिनांक 30 सितंबर को फरियादी भगवान पिता भूराजी काग जाति सीरवी निवासी कापसी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 सितंबर की रात्रि करीब 9-30 बजे तीन अज्ञात बदमाश उसके घर में घुसे जिन्होंने उसकी भाभी ललिता के साथ मारपीट कर उसे घायल कर करीब एक लाख रुपए नगद एवं 9 लाख के स्वर्ण आभूषण लूट कर ले गए।

> टीम ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से अनुसंधान कर कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए ।मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, डॉग स्क्वाड एवं साइबर की टीम भी बुलाई गई, जो जांच में आए साक्ष्य से शक की सुई प्रारंभिक रूप से ग्राम कापसी के ही रवि राठौर एवं पवन राठौड़ के ऊपर टिक गई। पुलिस ने जब दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ही आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे एवं घटना करने से इनकार किया लेकिन पूछताछ करने पर उन्होंने घटना करना कबूल किया।

# लोको इंस्पेक्टर की नियुक्ति याचिका के निर्णय के अधीन

**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल रेल मंडल में लोको इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है.**

दरअसल, चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है. जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को निर्धारित की है. यह मामला भोपाल में पदस्थ राजीव मालवीय की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा एवं अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि रेलवे ने 28 नवंबर 2024 को लोको रनिंग सुपरवाइजरों के लिए चीफ लोको इंस्पेक्टर के पद पर चयन हेतु अधिसूचना जारी की थी. जनवरी 2025 को भोपाल मंडल ने पात्र एवं पात्र कर्मचारियों की सूची जारी की. याचिकाकर्ता का नाम ग्रेडेशन सूची में शामिल था. मार्च 2025 को रेल मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं, सभी चयन प्रक्रिया निरस्त की जाती हैं. बाद में पमरे ने उक्त पत्र की व्याख्या करते हुए सभी मंडल प्रबंधकों अर्थात जबलपुर भोपाल और कोटा को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रक्रिया को जारी रखा जा सकता है.

# 4 करोड 62 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

**ग्वालियर. विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और ग्वालियर निरंतर विकास की तरफ बढ रहा है. आने वाले समय में शहर के नागरिकों को बडे मैट्रों शहरों की तरह सुविधायें मिलना प्रारंभ हो जाएंगी. इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है.**

शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी आवागमन सुविधा, विद्युत, शुद्ध पेयजल, सीवर, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था कराना ही शासन की प्राथमिकता है. इस आशय के विचार ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर विभिन्न वार्डों में 4 करोड़ 62 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किए. मंत्री तोमर ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के



क्षेत्र में ग्वालियर की तस्वीर बदल रही है. बिरला नगर प्रसूति ग्रह की तस्वीर बदल गई.

इसके साथ ही शीघ्र ही बिरला नगर प्रसूति ग्रह के बगल से खाली स्थान पर बच्चों का अस्पताल बनने जा रहा है. सांदिपनी विद्यालय में हमारे नौनिहालों को प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा तो मिलेगी ही साथ ही सुविधायें भी बेहतर मिलेंगी जहां हमारा नौनिहाल निशुल्क पडेगा.



# प्रदेश भाजपा महामंत्री ने की बैठक में सहभागिता

**भोपाल.** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री भगवान दास सबनानी की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों, चिकित्सक गण एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक में सहभागी हुआ. बैठक में 12 अक्टूबर को होने वाले पथ संचलन तथा 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत विषयक कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई.

# सहकारी बैंक घोटाले पर किया तहसील का घेराव

## मंच की शिकायत पर बैंककर्मियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज

**आलीराजपुर। जनजाति विकास मंच के बैनर तले शुक्रवार को कट्ठीवाड़ा विकासखंड के आदिवासी किसानों ने कट्ठीवाड़ा तहसील कार्यालय का घेराव किया।**

यह विरोध प्रदर्शन कट्ठीवाड़ा सहकारी बैंक में किसानों के साथ हुए लाखों रुपये के गंभीर भ्रष्टाचार और गबन के मामले में स्थानीय प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई न होने के विरोध में किया गया. जनजाति विकास मंच की ओर से जारी बयान में बताया गया कि बैंक के शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने फर्जी अंगूठे लगाकर 106 से अधिक किसानों के खातों से लाखों रुपये का अवैध



आहरण कर लिया, जिसके कारण इन किसानों को जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया।

घेराव का कारण- मंच ने बताया कि उन्होंने इस व्यापक भ्रष्टाचार के संबंध में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, कट्ठीवाड़ा को 19 सितंबर 2025 को विस्तृत ज्ञापन दिया था, जिसका आज तक कोई जवाब नहीं आया और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई हुई. प्रशासन का रुख- किसानों के व्यापक विरोध और मंच द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी के बाद, स्थानीय प्रशासन हरकत में आया।

> 106 किसानों को बकायादार सूची से तुरंत हटाकर, उनके खातों में गबन की गई राशि ब्याज सहित वापस की जाए। जनजाति विकास मंच, कट्ठीवाड़ा ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से सीधे हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि शेष माँगे जल्द पूरी नहीं हुईं, तो मंच न्याय मिलने तक अपना संघर्ष जारी रखेगा। इस आंदोलन की सूचना प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग और पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई है। मामले की जाँच सहकारिता विभाग या श्वह्लङ्क के उच्च-अधिकारी द्वारा 7 दिनों के भीतर शुरू की जाए।

# निर्माण तोड़ने का फैसला कोर्ट ने सही ठहराया

- मस्जिद के पुनर्निर्माण की याचिका खारिज
- महाकाल लोक का होगा विस्तार, बनेगा स्टेशन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल लोक विस्तार के लिए मस्जिद ध्वस्त करने के मामले में उच्च न्यायालय ने मुस्लिम बस्ती के रहवासियों की याचिका पर फैसला दिया.**

जमीन अधिग्रहण को सही ठहराते हुए कोर्ट ने कहा है कि मस्जिद का निर्माण पुन:नहीं किया जा सकता और प्रशासन ही इस जमीन का मालिक है. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन की तकिया मस्जिद को ध्वस्त किए जाने के बाद उसके पुनर्निर्माण की मांग करने वाली एक रिट अपील को खारिज कर दिया है.

दरअसल इंदौर हाई कोर्ट में जो याचिका प्रभावित पक्ष में लगाई थी उसे खारिज करते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया कि उज्जैन जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया वैध थी और नमाज़ अदा करने का धार्मिक अधिकार किसी विशेष स्थान से नहीं जुड़ा है.न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने 7 अक्टूबर 2025 को यह आदेश पारित किया.

महोत्सव ▶ भरत मिलाप महोत्सव में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहे मौजूद

# श्री राम मंदिर गाथा के वर्णन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोतागण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, नगर विजयादशमी उत्सव समिति रीवा के तत्वाधान में आयोजित भरत मिलाप महोत्सव के पावन अवसर पर पहली बार पद्मधर पार्क में गाथा श्रीराम मंदिर की यह अनूठा एवं भव्य संगीतमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.**

श्रीराम मंदिर की 500 वर्षों की त्याग, बलिदान और संघर्ष की अमर गाथा को श्रोताओं ने खूब प्रशंसा की भारत मिलाप के इस आयोजन में भोपाल से आये कहानीकार मोहित शेवानी की 26 सदस्यीय टीम द्वारा शानदार



प्रस्तुति दी गई. मोहित शेवानी ने श्री राम मंदिर गाथा मे चलचित्र द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जिसमें 500 वर्षों का इतिहास था श्री शेवानी ने बताया कि इन 500 वर्षों में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कितनी लड़ाइयां लड़ी गई और कितने लोगों की जान गई उसके बाद हमें यह भव्य मंदिर निर्माण करने का अवसर मिला उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और निर्मोही अखाड़े का भी वर्णन किया. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मोहित शेवानी की टीम को शाल श्रीफल और सुपारी से बनी प्रतिमा भेंट की, 1992 मे रीवा से गए कार सेवको का भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया.

> **विश्व में तभी शांति आएगी, जब भारत विश्व गुरू बनेगा**
>
> उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इतिहास का ज्ञान होने पर ही हम विषम परिस्थिति में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे. सनातन की पुर्नस्थापना से देश को मजबूत करने का वातावरण चल रहा है. उप मुख्यमंत्री गत रात्रि भरत मिलाप कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कुशलता के कारण देश में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और सनातन की पुर्नस्थापना हुई. उन्होने कहा विश्व में तभी शांति आएगी जब भारत विश्व गुरु बनेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि विश्व में युद्ध का मंजर है चारों तरफ मिसाइल गोले चल रहे हैं लोगों की मौत हो रही है यह तभी रुकेगा जब भारत विश्व गुरु बनेगा कोठारी बंधुओं के बलिदान से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ.

# रेलवे स्टेशनों पर 'स्वच्छ आहार दिवस' मनाया

## यात्रियों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर दिया जोर

**इंदौर. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत 9 और 10 अक्टूबर को स्वच्छ आहार दिवस मनाया. इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर खानपान स्टॉलों और रनिंग रूम किचन की जांच की गई.**

वेंडरों की व्यक्तिगत स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और सामग्री के उपयोग की स्थिति का परीक्षण किया. जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि रतलाम, उज्जैन, इंदौर, दाहोद, नागदा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, देवास, लक्ष्मीबाई नगर और डॉ. अंबेडकर नगर सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर खानपान स्टॉलों की गहन जांच की



गई. वेंडरों को यात्रियों को स्वच्छ और ताजा भोजन उपलब्ध कराने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने तथा एक्सपायरी मसालों के उपयोग से बचने के निर्देश दिए. मीना ने बताया कि रतलाम, उज्जैन, इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर और चित्तौड़गढ़ स्थित रनिंग रूम के किचन में भी विशेष सफाई अभियान चलाया. वहां भोजन की गुणवत्ता, मसालों और उपयोग की जा रही सामग्री की जांच की गई. उन्होंने कहा कि रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के पैंट्रीकारों और खानपान कर्मचारियों की भी समीक्षा की गई.